## सार-समाचार

### विद्धकर्म कार्यशाला के पोस्टर का विमोचन

**जोधपुर, (कासं)।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के मानव संसाधन विकास केन्द्र द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीटयूट ऑफ आयुर्वेद के स्नातकोत्तर शल्य तंत्र विभाग के संयुक्त संयोजन में 23 फ़रवरी को आयोजित की जा रही विद्धकर्म विषयक एक दिवसीय कार्यशाला के पोस्टर का विमोचन कुलगुरु प्रोफ़ेसर वैद्य गोविंद सहाय शुक्ल के कर-कमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर कुलगुरु प्रोफेसर शुक्ल ने कहा कि आयुर्वेद की प्राचीन एवं प्रभावी चिकित्सा पद्धितयों को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत करना समय की आवश्यकता है। विद्धकर्म जैसी विशिष्ट चिकित्सा विधा पर इस प्रकार की कार्यशालाएँ आयुर्वेद चिकित्सकों के कौशल-विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। मानव संसाधन विकास केन्द्र के निदेशक डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यशाला आयुर्वेद चिकित्सकों, शिक्षकों, पीजी एवं पीएचडी शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कार्यकारिणी की घोषणा

**पोकरण, (कासं)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति आयोग की प्रदेश अध्यक्ष ममता भूपेश द्वारा जिला जैसलमेर की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस घोषणा में रमेश देवपाल को विधानसभा क्षेत्र पोकरण अंतर्गत ब्लॉक अध्यक्ष (पोकरण) नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड गई है। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष रमेश देवपाल ने कहा कि उनका प्रथम दायित्व कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और एजेंडे को जन-जन तक पहुँचाना रहेगा। उन्होंने बताया कि आगामी नगर निकाय एवं पंचायत चुनावों में कांग्रेस पार्टी को विजय दिलाने के लिए संगठनात्मक मजबूती के साथ पूरी निष्ठा से कार्य किया जाएगा। रमेश देवपाल ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, अनुसूचित जाति आयोग जोधपुर की संभाग प्रभारी अंजना मेघवाल सहित समस्त वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुझ जैसे अंतिम पंक्ति में बैठे कार्यकर्ता को पार्टी ने जो सम्मानजनक जिम्मेदारी सौंपी है, उसके लिए मैं कृतज्ञ हूँ और पूरी ईमानदारी से संगठन के हित में कार्य करूंगा।

### जालोर शहर में सीवरेज समस्या का शीघ्र करें समाधानः जोगेश्वर गर्ग

**जालोर, (निसं)।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने सोमवार को जालोर शहर स्थित सुंदेलाव तालाब एवं आहोर रोड स्थित शाह पुंजाजी गेनाजी खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद के कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे सुंदेलाव तालाब में ओवरफ्लो समस्या का उचित समाधान करें तथा जालोर शहर में सीवरेज संबंधी समस्या को सकारात्मक रुप से हल करें। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने शाह पुंजाजी गेनाजी खेल स्टेडियम में मंच व दर्शक दीर्घा निर्माण तथा कॉलेज ग्राउंड में ट्रैक एंड फील्ड निर्माण के प्रस्तावित कार्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए। इस अवसर ज़िला कलैक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे, ज़िला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, नगर परिषद आयुक्त दिलीप माथुर, रवि सोलंकी, सुरेश सुंदेशा, महेंद्र राठौड़, महेश भट्ट, भागीरथ गर्ग, मंगल सिंह बालोत, ओमप्रकाश, हीरालाल देवासी, प्रेमाराम देवासी, पुखराज राजपुरोहित, रतन सुथार, जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र के इमरान खान सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

### ज़िला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ

**जालोर, (निसं)।** निदेशालय, जनगणना कार्यालय, राजस्थान के निर्देशानुसार प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलैक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को सामतीपुरा रोड़ स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जनगणना, वर्ष 2027 के प्रथम चरण के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आरम्भ हुआ। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलैक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जनगणना, वर्ष 2027 के कार्य का प्रथम चरण 16 मई से 14 जून तक सम्पन्न होगा। इस कार्य के लिए निदेशालय, जनगणना कार्यालय, राजस्थान में कार्यरत सहायक निदेशक दिनेश रैगर, डीपीए करण यादव द्वारा ज़िले के समस्त चार्ज अधिकारी क्षेत्र से एक नियमित सहायक एवं ज़िला स्तर से 4 नियमित सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक डॉ धनसिंह राजपुरोहित, जिला जनगणना प्रकोष्ठ के प्रकाश चंद दवे, किशन सिंह, अरविंद कुमार, दिनेश सिंह, मुकेश कुमार, भूराराम सहित कार्मिक उपस्थित रहे।

### भंवरानी में ग्राम उत्थान शिविर का हुआ आयोजन

**जालोर, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को निर्धारित कार्यक्रमानुसार आहोर तहसील के ग्राम भंवरानी में एक दिवसीय ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम उत्थान शिविर में शिविर प्रभारी एवं विभागीय कार्मिकों ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें इन योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, .षि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण एवं पंचायतीराज विभाग सहित संबंधित विभागों की सहभागिता से .षकों एवं पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजना की जानकारी उपलब्ध करवाकर लाभ प्रदान किया गया। राजस्थान सरकार के .षि विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, इसी क्रम में कृषि विभाग की तारबंदी योजना के अंतर्गत जालोर जिले के ग्राम भंवरानी निवासी कृषक तगाराम लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने बताया कि स्वयं के खेतों में सुरक्षा की दृष्टि से तारबंदी योजना के तहत प्राप्त हुई सहायता अनुदान राशि से तारों की बाड़बंदी करवाई तत्पश्चात उन्हें निराश्रित पशुओं द्वारा फसल नष्ट होने की परेशानी से निजात मिली है, उन्होंने इस योजना से लाभान्वित होने पर राज्य सरकार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि राजस्थान के प्रत्येक किसान को इस कृषि उपयोगी योजना का लाभ मिलना चाहिए।

### प्रभारी अपने-अपने ब्लॉक में जाकर पत्रकारों को संगठन से जोडेंगे

**बालोतरा, (निसं)।** बालोतरा प्रेस क्लब के जिले में विस्तार को लेकर अहम कदम उठाया गया है। जिलाध्यक्ष भवदीप सिंह चारण के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न ब्लॉकों में कार्यरत स यि पत्रकारों को संगठन से जोडने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तर पर प्रभारी एवं सह-प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इन नियुक्तियों के माध्यम से बालोतरा प्रेस क्लब का उद्देश्य ग्रामीण और ब्लॉक स्तर के पत्रकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना तथा संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत बनाना है। क्लब के प्रवक्ता अनिल वैष्णव ने बताया कि नियुक्त प्रभारी एवं सह-प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में पत्रकारों के साथ बैठकें आयोजित कर उन्हें जिला स्तरीय संगठन से जोडने का कार्य करेंगे। साथ ही ब्लॉक स्तर पर सर्वसम्मति से गठित की जाने वाली कार्यकारिणी की निगरानी, समन्वय और आवश्यक दस्तावेजों को जिला संगठन तक पहुँचाने की जिम्मेदारी भी निभाएंगे। नियुक्ति के साथ ही सभी प्रभारी अपने क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को सानिध्य रूप से प्रारम्भ करेंगे और पत्रकारों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करेंगे उन्होंने बताया कि जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार सचिव बंशीलाल चौधरी ने बालोतरा ग्रामीण व कल्याणपुर क्षेत्र के लिए जितेन्द्रसिंह खारवाल और अनिल वैष्णव को जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं गुडामालानी, धोरीमन्ना, सिणधरी व पांयला क्षेत्रों में भरत वैष्णव, राणीदान रावल और बंशी लाल चौधरी को प्रभारी एवं सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जालोर, (कासं)।** वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में सांस्कृतिक सप्ताह के अन्तर्गत सोमवार को नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य विमल कुमार खत्री ने बताया कि नृत्य प्रतियोगिता में सृष्टि, बीए प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, हिमानी, बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान तथा तथा विपुल, बीए पंचम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# फ्लैगशिप योजनाओं तथा बजट घोषणाओं की क्रियान्विति प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करें: डॉ.गावंडे

■ जिला कलैक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई

**जालोर, (निसं)।** जिला कलैक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में डॉ प्रदीप के. गावंडे ने केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं तथा बजट घोषणा वर्ष 2025-26 व 2024-25 की क्रियान्वयन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करें।

उन्होंने बजट घोषणाओं के तहत आहोर में नवीन कन्या महाविद्यालय, जिले के प्रत्येक ब्लॉक पर महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने हेतु रानी लक्ष्मीबाई केंद्र, जालोर शहर में रिंग रोड निर्माण कार्य, अटल प्रगति पथ, सरनाऊ में नवीन औद्योगिक क्षेत्र, जाजूसन में 33/11 केवी जीएसएस निर्माण, सांचौर में एग्रो फूड पार्क सहित केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं यथा- जल जीवन मिशन, पंच गौरव योजना, कालीबाई भील स्कूटी वितरण योजना सहित अन्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में बिंदुवार चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, युवा एवं खेल मामले विभाग, पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, ज़िला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी लादेश शर्मा, सीएमएचओ डॉ. भैराराम जाणी, ज़िला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, वन विभाग के एसीएफ भंवर सोढा सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहें।

नीति आयोग, भारत सरकार के आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के जालोर जिले के चयनित आहोर ब्लॉक के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। आहोर ब्लॉक के एबीएफ तरूण ने बताया कि जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने एबीपी प्रोग्राम के तहत चयनित मानकों के प्रमुख घटकों के आधार पर मेडिकल, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पीएचईडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आहोर ब्लॉक में लक्ष्यानुरूप प्रगति करने के निर्देश दिए।

# उपभोक्ता आयोग ने रुपये लौटाने सहित बीस हजार रूपये का लगाया जुर्माना

**जालोर, (कासं)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जालोर ने पेटीएम एप एवं संबद्ध ई-कॉमर्स कंपनी अरिहंत इनफोटेक के खिलाफ महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। आयोग के पीठासीन अधिकारी धनश्याम यादव ने परिवादी को जालोर निवासी परिवादी को खराब उत्पाद बेचने और समय पर समाधान नहीं करने का दोषी मानते हुए प्रोजेक्ट राशि 7199 रूपये लौटने सहित बीस हजार रूपये का जुर्माना लगाया।

प्रकरण के अनुसार परिवादी संजयसिंह बालावत निवासी जालोर ने उपभोक्ता आयोग जालोर मे परिवाद पेश कर बताया कि 30 मार्च 2019 को पेटीएम के माध्यम से हार्ड डिस्क टोसिबा 7,199 रूपये में खरीदी थी। उत्पाद शुरू से ही खराब निकला, न तो डाटा ट्रांसफर हो रहा था और न ही कोई अन्य कार्य कर रहा था। परिवादी द्वारा बार-बार शिकायत व रिटर्न प्रक्रिया अपनाने के बावजूद पेटीएम एवं विक्रेता ने न तो उत्पाद बदला और न ही राशि लौटाई। लगभग तीन माह तक परेशान होने के बाद परिवादी ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद प्रस्तुत किया।

सुनवाई के दौरान विपक्षीगण उपस्थित नहीं हुए, जिस पर आयोग ने एकतरफा कार्यवाही करते हुए निर्णय पारित किया। आयोग के अध्यक्ष धनश्याम यादव व सदस्य निरंजन शर्मा ने परिवाद स्वीकार करते हुए आदेश दिया कि पेटीएम एप द्वारा खराब उत्पाद देने पर प्रोजेक्ट की राशि 7,199 रूपये लौटाने के साथ मानसिक व आर्थिक क्षति के लिए दस हजार परिवाद व्यय के रूप में दस हजार रूपये का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया।

## रोडवेज बस चालू करवाने के लेकर दिया ज्ञापन

**रेवदर, (निसं)।** रेवदर के निकट भटाना ग्रामीणों ने जनसमस्याएं को ध्यान में रखते हुए आज पुर्व विधायक जगसीराम कोली को बस सेवा शुरू कराने के लिए बस रुट सिरोही से वाया रेवदर मारोल होकर भटाणा,आबुरोड से वाया भटाणा, मंडार,पाली से वाया रेवदर भटाणा कपासिया होकर अहमदाबाद रूट को चालू करने के लिय विधायक कोली को ज्ञापन दिया गया।

एसीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेवा राम हीरागर ने ज्ञापन में बताया यहां के लोग कृषि पर आधारित होने के कारण लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने का एक मात्र साधन रोडवेज बस ही है। बस चालू नहीं होने पर लोगों के पास निजी वाहन वाले चांदी लुट रहे हैं। एसीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेवा राम हीरागर, पूर्व उप सरपंच हीरा लाल घासी मौजूद थे।

# 'ग्रामीण व किसान विभिन्न योजनाओं से हुये लाभान्वित, समस्याओं का समाधान हुआ'

■ राज्य सरकार के निर्देशानुसार पाली, सुमेरपुर व अन्य गिरदावर सर्किल पर शिविरों का आयोजन किया गया

**पाली, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम उत्थान शिविर जिले भर में आयोजित किये जा रहे है।जिले में आज सोमवार को शिविर आयोजित किये गये।

आज पाली, सुमेरपुर व अन्य गिरदावर सर्किल पर शिविरों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सुमेरपुर के ढोला में शिविर में विभिन्न विभागों कृषि , बागवानी आदि विभागों के अनेक कार्य सम्पादित किये गये जिसमें आमजन व ग्रामीणों किसानों के कार्य किये गये।

ढोला में आयोजित शिविर में ताराबंदी के 75 ,पाईपलाइन के 10, फार्म पौण्ड के 04, फसल बीमा की जानकारी 1230, एमएसपी की जानकारी 540, कृषि योजनाओं की जानकारी के 1280, सॉइल हेल्थ कार्ड 562 वितरण, मिनी किट वितरण सत्यापन के 120, बीज वितरण के 120 ,इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग के फव्वारा संयंत्र के 10 आवेदनों, ड्रीप के 06 आवेदन, सौर पम्प की जनकारी 07, उद्यानिकी योजनाओं की जानकारी 690 व्यक्तियों द्वारा, सोलर पम्प के 02 आवेदन, पॉली हाउस के 01 कार्य के लिये आवेदन प्राप्त हुये।

कृषि विपणन में प्रधानमंत्री माइक्रोफूड प्रोसेसिंग स्कीम के 17, मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के 02, बस स्टैण्ड के यात्रयो व किसान विश्राम स्थल निर्माण के 06 प्राप्त हुए। साथ ही सहकारिता विपणन में किसान क्रेडिट कार्ड के 198 आवेदन, सदस्यता के लिए 47 आवेदन, डीसीएस द्वारा सहकारिता बैंक में 08 खता खोला गया, सेल्फ हेल्प ग्रुप के 01 ऋण, कृषि गैर कृषि 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 03 आवेदन, सहकारिता सदस्य के 1670 आवेदन, सकारिता ऋण योजना की जानकारी 524 को दी गयी।

इसी प्रकार पशुपालन विभाग के मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशुपालको का पंजीकरण एवं स्वास्थय प्रमाण पत्र के 120, पशुओ की प्राथमिक चिकित्सा एवं कृमिनाशक 370 को औषधि पिलाई, विभागीय योजना एवं जानकारी 22 व्यक्तियों को, गौशाला विकास योजना में 22 व्यक्तियों को जानकारी उपलब्ध कराई।

# बाल विवाह मुक्ति रथ, जिले के दो सौ गांवों व सभी शहरों का करेगा भ्रमण

जालोर, (कासं)। जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप कुमार गावंडे एवं जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश विश्नोई के निर्देशन में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एवं सारद संस्थान की ओर से संचालित बाल विवाह मुक्ति रथ को जिला कलेक्ट्रेट भवन से सोमवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने रथ के हस्ताक्षर बोर्ड पर शुभकामना संदेश लिखकर अपने हस्ताक्षर भी किए। अपने संदेश में उन्होंने इस अभियान की सफलता की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर प्रदीप गावंडे ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है, साथ ही यह बच्चों के अधिकारों पर गंभीर कुठाराघात भी है। सारद संस्थान सचिव सुनीता शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा अपने बाल विवाह मुक्त भारत के एक वर्ष पूर्ण होने पर 4 दिसम्बर से 8 मार्च तक पूरे देश में सौ दिवसीय गहन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

भारत सरकार के इसी अभियान का समर्थन करते हुए सारद संस्थान एवं इसके राष्ट्रीय सहयोगी जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जे.आर.सी.) ने जालौर जिले में बाल विवाह मुक्ति रथ का संचालन करने का कार्यक्रम तय किया है।सचिव सुनीता शर्मा ने बताया कि पूरे जिले में यह रथ एक महीने तक घूमेगा। इस रथ के माध्यम से बाल विवाह के विरुद्ध सशक्त संदेश का प्रसारण करने के साथ-साथ पर्चे भी बांटे जाएंगे।

# जेडीए ने ग्राम बालरवा तिंवरी में सड़क मार्गाधिकार से हटाए अतिक्रमण

■ अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा नियमित रूप से अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर कार्यवाही की जा रही है

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा नियमित रूप से अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर कार्यवाही की जा रही है।

सोमवार को जेडीए एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए ग्राम बालरवा के ख.सं. 410/1 में सड़क मार्गाधिकार पर किए गए अतिक्रमणों को ध्वस्त कर हटाया गया। प्राधिकरण सचिव श्रीमती चंचल वर्मा के आदेशानुसार तहसीलदार जोन-Q4 सुनिता चारण के निर्देशन जेडीए एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारीगण द्वारा ग्राम बालरवा तहसील तिवरी के ख.सं. 410/1 का मौका निरीक्षण किया गया।मौका निरीक्षण के दौरान राजस्व टीम के चिन्हिकरण अनुसार प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा सड़क भाग में पत्थर एवं फाचरों की दीवार इत्यादि से किए गए अतिक्रमण को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर हटाया गया।

कार्यवाही के दौरान जेडीए प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत, भू-अभिलेख निरीक्षक जेडीए जीवनसिंह, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल शर्मा व योगेश गहलोत, पटवारी महेश शेखावत, तिंवरी रेवेन्यू टीम, स्टेट हाईवे आथोरिटी के अधिशाषी अभियन्ता प्रमेन्द्र, मथानिया पुलिस थाना एसआई चन्द्रकिशोर मय जाब्ता एवं जेडीए दस्ता मौजूद रहा।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर वर्कशॉप का हुआ आयोजन

**जालोर, (निसं)।** जिला कलैक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 10 फरवरी को मनाए जाने वाले सुरक्षित इंटरनेट दिवस के संबंध में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी लादेश शर्मा ने जागरुकता कार्यशाला में उपस्थित विभागीय अधिकारियों-कार्मिकों को डिजिटल दुनिया के आयामों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं, डिजिटल बैंकिंग सुरक्षा, फिशिंग मेल, इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल इत्यादि के बारें में व्याख्यान दिया।

# गजीपुरा में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित

भीनमाल, (निसं)। भीनमाल के निकटवर्ती गजीपुरा गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में पावली मंडल के अंतर्गत गजीपुरा गांव के धुंधलेश्वर महादेव मंदिर मठ में सोमवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन से पूर्व मातृशक्ति द्वारा भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा धुंधलेश्वर महादेव मंदिर मठ से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य चौराहा से होकर हिंदू समागम स्थल पर पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों ने जेसीबी से पुष्प वर्षा की व रथ पर सवार प्रभु श्री राम व लक्ष्मण की सुंदर झांकी निकाली गई। पावली मंडल के आठ गांव गजीपुरा, कोडिटा, मणधर, डोरडा, पावली, पहाडपुरा, कारलू व सावीधर से आए सैकडों पुरुषों और मातृशक्ति की उपस्थिति ने इस पल को ऐतिहासिक बना दिया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय व्यवस्था प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंगेश भिडे ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको जाति-पाति को भुलाकर एक साथ आना होगा। कार्यक्रम में प्रभु श्री राम के जयकारों से माहौल भक्ति में हो गया। कार्यक्रम में मंच पर चाणक्य विद्यापीठ पावली के बच्चों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप पर आधार नाट्य को मंच पर जीवंत किया। जिसे देखकर मंच पर सभी की आंखें नम हो गई। विवेकानंद विद्यापीठ पावली सहित कारलू व गजीपुरा की विधार्थियो ने भी नृत्य की प्रस्तुति दी।

इस दौरान गजीपुरा मठाधीश प्रेमभारती महाराज, पुनासा महंत बाबूगिरी महाराज, बडगांव महंत लहरभारती, जालोर महंत प्रेमनाथ महाराज, डोरडा महंत कुलदीपभारती महाराज, महंत तीरथगिरी महाराज व मुकेश भारती महाराज सहित बडी संख्या में साधु-संत मौजूद रहे।

## अयुब खान एनएसयूआई के जिला सचिव नियुक्त

**जालोर, (कासं)।** प्रदेश राष्ट्रीय छात्र संगठन ने संगठन को मजबूती देते हुए युवा चेहरा अयूब खान को जालोर जिला सचिव पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नवनियुक्त जलिा सचिव अयूब खान ने एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड एवं जालोर जिला अध्यक्ष सुष्मिता गर्ग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर खरा उतरना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि छात्र हितों की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा तथा जालोर जिले में संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से कार्य किया जाएगा। युवाओं और छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे और संगठन की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस नियुक्ति पर समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है ।

# पशु मेले को लेकर सांसद व विधायक ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

■ पशु मेला ग्राउंड का गहन निरीक्षण कर माँ कात्यायनी पशु विकास समिति के पदाधिकारियों से साफ-सफाई, पशुपालकों की सुविधाएं, पेयजल, बिजली, पशुओं के ठहराव, चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर समीक्षा की

**जालोर/सायला, (कासं)।** सायला में माँ कात्यायनी देवी राज्य स्तरीय पशु मेला का आयोजन आगामी 15 से 19 फरवरी तक होने वाले मेले की तैयारियों को लेकर जालोर - सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी व विधायक जोगेश्वर गर्ग सायला पहुंचे। सांसद

पशु मेला ग्राउंड का गहन निरीक्षण कर माँ कात्यायनी पशु विकास समिति के पदाधिकारियों से साफ-सफाई, पशुपालकों की सुविधाएं, पेयजल, बिजली, पशुओं के ठहराव, चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर समीक्षा की।

उन्होंने पशुपालन विभाग के डॉक्टर संजय माली से सहित अधिकारियों व मेला समिति से चर्चा कर समय पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व सरपंच,भाजपा जिला प्रवक्ता एवं माँ कात्यायनी पशु मैला कमेटी के सरंक्षक सुरेशजी राजपुरोहित, पशु मेला स्थानीय कमेटी अध्यक्ष उतमसिंह जीवाना, महासचिव हडमतसिंह सोढा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगलसिंह सायला, उपाध्यक्ष बलवता आसाना, समिति के प्रवक्ता रविंद्रसिंह राणावत, नारायणसिंह रेवतडा सहित मेला समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। वही मुख्य सचेतक व विधायक जोगेश्वर गर्ग ने पशु मेला ग्राउंड का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान माँ कात्यायनी देवी पशु विकास समिति के पदाधिकारियों द्वारा मेले मे पशुपालन मंत्री को आमंत्रित करने का आग्रह किए जाने पर मंत्री गर्ग ने तुरंत फोन पर पशुपालन मंत्री जोरारामजी कुमावत से बात कर मेले में आने का न्यौता दिया। केबिनेट मंत्री गर्ग ने मैला अध्यक्ष एसडीएम सूरजभान विश्नोई एवं पशुपालन विभाग के डॉक्टर संजय माली को साफ-सफाई, पशुपालकों की सुविधाएं, पेयजल, बिजली, पशुओं के ठहराव, चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा कर समय पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# डॉ. छगनराज व डॉ. दीपा हिन्दी काव्य मनीषी की मानद उपाधि से सम्मानित

**जोधपुर, (कासं)।** साहित्य मण्डल, श्री नाथद्वारा की ओर से आयोजित दो दिवसीय ब्रजभाषा पाटोत्सव समारोह का आयोजन भगवती प्रसाद देवपुरा प्रेक्षागृह नाथद्वारा में किया गया।

इस समारोह में जोधपुर के डॉ. छगनराज राव "दीप" तथा डॉ. दीपा परिहार "दीप्ति" को साहित्य मण्डल श्री नाथद्वारा की ओर से "हिन्दी काव्य मनीषी" की मानद उपाधि से विभूषित कर कंठी माला, उत्तरी, शॉल, मेवाड़ी पगड़ी, श्रीफल, श्रीनाथजी की तस्वीर तथा प्रसाद देकर सम्मानित किया।

संस्था के प्रधानमंत्री श्याम प्रकाश देवपुरा के माध्यम से समारोह के विभिन्न सत्रों में उपनिषद में विद्वानों द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यानों के साथ विचार मंथन किया गया। साथ ही ब्रजभाषा कवि सम्मेलन तथा विभिन्न साहित्यकारों की पुस्तकों का लोकार्पण भी हुआ। समारोह में छात्राओं द्वारा गणपति स्तुति, शिव स्तुति, तराना तथा ठुमरी की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। समस्यापूर्ति कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।

ब्रजभाषा विभूषण, ब्रज ग़जलश्री, साहित्य मर्मज्ञ, हिन्दी साहित्य शिरोमणि, हिन्दी साहित्य विभूषण, समाज सेवा मर्मज्ञ, हिन्दी साहित्य मनीषी, हिन्दी काव्य मनीषी तथा समाज सेवा - कला सेवा रत्न की मानद उपाधियों से देश के विभिन्न प्रांतों से चयनित कवियों, लेखकों, साहित्यकारों तथा पत्रकारों को मानद उपाधियों से विभूषित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें सभी ने अपनी प्रतिनिधि रचना सुनाकर तालियां बटोरी।

# जिला कलक्टर ने विभागीय कार्यो योजनाओं की समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए

■ बैठक में जिला कलक्टर मंत्री ने सभी विभागों से जुडी योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये

**पाली, (निसं)।** जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलक्टर कार्यालय में जिला स्तरीय अधिकारियों की गत सप्ताह में विभिन्न विभागों कार्यों प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित हुयी। बैठक में जिला कलक्टर मंत्री ने सभी विभागों से जुडी योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में उन्होंने ग्राम उत्थान शिविरों, निरीक्षण, निम्बेश्वर पशु मेला तैयारियों खरीदी बिक्री, विभिन्न विभागों के बजट घोषणाओं में बकाया कामों व भूमि आवंटन, मेडिकल, मौसमी बीमारियां , वयवंदन , आयुष्मान कार्ड निक्षय मित्र , बांगड चिकित्सालय, सार्वजनिक निर्माण विभाग सडकों के कार्य , पीएचईडी में बकाया कामों की प्रगति व लक्ष्यो के बारे में , पंच गौरव में भुगतान संबधी, एसडीआरफ के कामों के बारे में, बिजली विभाग मे पीएम सूर्य घर ,कुसुम योजना , डीएमफटी के बकाया कामों विभिन्न स्वीकृतियों , शिक्षा विभाग , रसद विभाग , पशुपालन विभाग मंगला पशु बीमा योजना , पशु मेंला की तैयारियों के लिये ,सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग में पेंशन सत्यापन कार्य ,साथ ही लाडो प्रोत्साहन योजना , महिला एंव बाल विकास , महिला अधिकारिता , व सहकारिता व डेयरी विभाग सहित नगरीय निकाय व नगर निगम को आवश्यक निर्देश दिये।उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण के लिये व लागिन के लिये आवश्यक निर्देश दिये।

इस अवसर पर बैठक में ग्रीन अरावली मिशन को लेकर बैठक आयोजित हुयी जिसमें अरावली को हरा भरा करने व संरक्षण के लिये विभिन्न विभागों की सहभागिता के लिये हरित आवरण ,वनीकरण , विस्तार व रेगिस्तान के विस्तार को रोकने पर चर्चा की गयी। साथ ही इस अवसर पर एमजेएसए के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग ओम प्रभा, आईएएस बिरजू गोपाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, डीएफओं कस्तूरी ,नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज व अन्य सभी विभागो के अधिकारी मौजूद रहे।


**सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनावर कायमी तनकीहात**
(आर्डर रूल 1 व 5 दीवानी)
अज अदालत....... सहायक जिलाधीश, सिरोही।
ब - ईजलाय.. श्री. हरिसिंह देवल ()..
मुद्दई...किशनलाल वगैरा.मुदायलाह कानाराम व अन्य
दावा अन्तर्गत धारा 53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम राजस्व वाद संख्याः 24/2023
मुसम्मी :-
1. राजाराम पुत्र खेताराम के वारिसानः- 13/1. उमीबाई पत्नि राजारामजी, 13/4. प्रकाश पुत्र राजारामजी, 13/6. विमला पुत्री राजारामजी, 2. थानाराम पुत्र उमाजी के वारिसानः- 17/2. दिनेश कुमार पुत्र थानारामजी, 17/3. मगनलाल पुत्र थानारामजी, 19. पंकुबाई पत्नि हंसाजी, 25. मोहन पुत्र थानारामजी, सभी जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी कालन्द्री, तहसील सिरोही। 2. खेतु पुत्री हंसाजी कुम्हार निवासी - कालन्दी सिरोही
हरगाह किवादी किशनलाल वगैरा ... ने मौजा जावाल के खसरा संख्या 1191 से 1195, 1263 से 1267, 1269 से 1275, व 1281 की आराजी मे विभाजन हेतु प्रस्तुत किया है। लिहाजा आपको व जरिए इस तहरीर के दावे की जवाबदेही के लिए तारीख 25 माह 02 सन् 2026 को दिन 10.00.. बजे अदालत हाजा में असालतन मार्फत ऐसे वकील के जो हालात मुकदमा से वाकिफ किया गया हो व कुल अमर अहम मुताबिक जवाब दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई शख्स हो जो सवाल का जवाब दे सके, हाजीर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमले दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताईन मे इस्तेमाल करना चाहता हो, उस दिन पेश करो।
आगाह रहे कि अगर वकील मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपकी गैर हाजरी मे सुना व फैसला किया जाएगा।
बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 03 माह 02 सन् 2026 को जारी किया गया।
(मोहर) आदेश से-रीडर
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी/सहायक कलेक्टर सिरोही



**कार्यालय ग्राम पंचायत, हरजी**
पंचायत समिति, आहोर, जिला-जालोर (राज.)
क्रमांक-2025-26/30 दिनांक-01.02.2026
**ई-निविदा सूचना 07/2025-26**
ग्राम पचांयत हरजी के कार्यों हेतु राजस्थान पंचायती राज नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में श्रेणी में संवेदकों में निर्धारण, प्रपत्र में मोहरबंद निविदाएं ग्राम पंचायत में जमा करवाये। निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्ते https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in तथा ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।
1. NIB Code: ZJR2526A0738, BID UBN: ZJR2526WSOB01185
2. NIB Code: ZJR2526A0741, BID UBN: ZJR2526WSOB01192
प्रशासक ग्राम पंचायत हरजी — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत हरजी